**मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह समारोह बना यादगार, वर-वधुओं को मिले उपहार और आशीर्वाद**

# एक मंच पर 121 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**नवभारत, जबलपुर।** गैरीसन ग्राउंड में नगर निगम द्वारा आयोजित 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह समारोह' में 121 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। घोड़े और बग्घी में सवार 121 दूल्हों की एक साथ निकली बारात मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। गैरीसन ग्राउंड की सजावट और भव्यता ने उपस्थित लोगों को अयोध्या और जनकपुरी का अहसास दिलाया। केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह आयोजन अद्भुत है। उन्होंने कहा कि ऐसा सामूहिक विवाह, ऐसी तैयारी और इतना उत्साह आज तक मैने नहीं देखा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को इस आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समारोह को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि यह गरीब परिवारों के लिए संबल और समाज के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान कर शुभकामनाएँ दी और नगर निगम की अद्भुत व्यवस्थाओं की सराहना की। परिजनों ने कहा कि यह आयोजन केवल विवाह समारोह नहीं, बल्कि विभिन्न धर्मों और वर्गों के परिवारों की एकजुटता का जीवंत उदाहरण है।

### ऐतिहासिक और अविस्मरणीय पल

गैरीसन ग्राउंड में एक ओर जहाँ 'राजा राम जय सीताराम' के जयघोष और शहनाई की गूंज थी, वहीं दूसरी ओर निकाह की रस्में भी पूरी की गईं। 121 जोड़ों ने एक साथ नए जीवन की शुरुआत की। चारों ओर पुष्प वर्षा और भव्य आतिशबाजी ने उत्सव को दोगुना कर दिया। 'दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है...' जैसे गीतों ने बारातियों और परिजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### उपहारों की हुई बौछार

शासन और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर बेटियों को नई गृहस्थी के लिए भरपूर सहयोग दिया, शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को 49,000 रुपये की राशि प्रदान की गई। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने सभी जोड़ों को अपनी ओर से फ्रिज उपहार में दिए। महापौर ने बेटियों को गोल्ड प्लेटेड चांदी का मंगलसूत्र, सूटकेश, शेरवानी, पगड़ी, लहंगा-चुनरी, 51 बर्तनों का सेट और दीवार घड़ी भेंट की।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद सुमित्रा बाल्मीक, आशीष दुबे, विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इन्दू, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, नीरज सिंह, संतोष बड़कड़े, अध्यक्ष जिला पंचायत आशा गोटिया, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य, समस्त पार्षदगण एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



## केंद्रीय मंत्री नड्डा एवं मुख्यमंत्री ने लिया मुनिश्री से आशीर्वाद

बसंत पंचमी के अवसर पर संगम कॉलोनी में आयोजित धर्मसभा में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धर्मी व्यक्ति बताते हुए उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा, मुख्यमंत्री मोहन यादव, महापौर जगत बहादुर सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिकों को आशीर्वाद देते हुए मुनि श्री ने उनके योगदान की सराहना की।



## गोंडवाना कालीन वीर बावड़ी और जल मंदिर का अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने जबलपुर के ऐतिहासिक 'जल मंदिर' और 'वीर बावड़ी' परिसर का भ्रमण कर पुनरुद्धार कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने बावड़ी की वास्तुकला और इसके पुनरुद्धार कार्यों की सराहना की।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में पहुंचे मुख्यमंत्री

जबलपुर प्रवास पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के द्वारा उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने स्वामी रामचंद्र महाराज का आशीर्वाद लिया एवं राधा कृष्ण भगवान का पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बंगाल में बंगाली समाज सुरक्षित नहीं है : नड्डा

**बोले : कांग्रेस ने ऐतिहासिक भूल नहीं की होती तो आजादी के समय देश का नक्शा न बदलता**



नेताजी वर्ष 1939 में जबलपुर आए थे। भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी भी सिटी बंगाली क्लब से जुड़े थे। हमें बंगाल और उसके के गर्व को कभी भूलना नहीं चाहिए। देश की आजादी में बंगाल की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर संसद में विशेष चर्चा करवाई। राष्ट्रगानजन गण मन को भी पूर्ण सम्मान दिया जा रहा है। यह बातें केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं रसायन मंत्री जेपी नड्डा ने बसंती पंचमी की बधाई के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन कर करते हुए जबलपुर में नेताजी की प्रतिमा का किया अनावरण और शताब्दी स्तम्भ का लोकार्पण अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि बंगाल प्रदेश जिसने हमेशा से ही पूरे देश के सामाजिक, साहित्यक, राजनीतिक, सांस्कृतिक नेतृत्व को दिशा दी है। एक विधान, एक निशान, एक प्रधान की धारा भी उसी बंगाल की भूमि से निकली क्योंकि बंगाल का भारत की भूमि पर धार्मिक,सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक पहचान के लिए एक विशिष्टता में उल्लेख होता है लेकिन वही बंगाल और वहां का बंगाली समाज आज सुरक्षित हाथों में नहीं है।

### धारा 370 का कलंक मिटा

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का कलंक मिटा और आज जम्मू-कश्मीर भारत का मोर मुकुट बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रकृति में बसंत का मौसम, ऋतुओं का राजा है। उन्होंने शुक्रवार को बसंत पंचमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी है।

### प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने सिद्धी बाला बोस लायब्रेरी एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समापन समारोह पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने सिटी बंगाली क्लब में शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण भी किया।

## केंद्रीय मंत्री और सीएम ने की माँ नर्मदा की महाआरती



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा बसंत पंचमी की शाम गौरीघाट में माँ नर्मदा महाआरती में शामिल हुये। नर्मदा महाआरती प्रतिदिन के अपने निर्धारित समय ठीक शाम 7 बजे ओंकार ध्वनि से प्रारंभ हुई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नर्मदा महाआरती करने के साथ ही प्रदेश में नर्मदा जयंती पर होने वाले आयोजनों की शुरुआत भी की। वाचन और श्लोकों की गूँज के बीच पूरे विधि-विधान से पुरोहितों की मौजूदगी में माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की।

### मोहन-नड्डा ने किया रोड शो, फूलों की हुई वर्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने झंडा चौक से गौरीघाट तक भव्य रोड-शो किया। रोड-शो के दौरान जन समुदाय मुख्यमंत्री डॉ. यादव व केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा पर उत्साह के साथ पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

# मिल्क प्रोडक्टस बनाने की यूनिट लगाने के नाम 68 .60 लाख का लोन लेकर किया गबन

**ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर**

**जबलपुर।** मिल्क प्रोडक्टस बनाने की यूनिट लगाने के नाम पर पंजाब नेशनल बैंक तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर से 68.60 लाख रूपए लोन लेकर गबन करने वाले शुद्धि मिल्क प्रोडक्ट के प्रोपइटर हेमराज एवं सोनी सिंह प्रोपराइटर हेटल डेयरी मशीनरी कानपुर समेत अन्य के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर (ईओडब्लयू) ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के मुताबिक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर में धर्मेंद्र सिंह राजपूत शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर के द्वारा शिकायत करते हुए बताया कि हेमराज किरार प्रोप्राइटर शुद्धि मिल्क प्रोडक्ट बिलथारी तहसील तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर एवं प्रोपराइटर हेटल डेयरी मशीनरीज कानपुर के द्वारा मिलीभगत कर बैंक से कुल 68.60 लाख रूपए का लोन लेकर धोखाधड़ी से लोन की राशि का गबन कर लिया है। शिकायत की जांच में पाया गया आरोपी हेमराज किरार ने मिल्क प्रोडक्टस बनाने की यूनिट लगाने के लिए पंजाब नेशनल बैंक शाखा तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर से 68.60 लाख रूपए का टर्म लोन लिया था।

यूनिट के लिए हेटल डेयरी मशीनरीज कानपुर इस्पात नगर, सी-45 व्यापार नगर कानपुर उप्र से मशीनरीज खरीइने का 97,72,000 रूपए का कोटेशन बैंक मे दिया गया था। 28 जुलाई 23 को टर्म लोन स्वीकृत होकर 68.60 लाख रूपए हेटल डेयरी मशीनरीज कानपुर के पंजाब नेशनल बैंक कानपुर पनकी इंडस्ट्रीयल एरिया के खाता में जमा किया गया था। इसके प्रोपराइटर का नाम सोनी सिंह पिता त्रिभुवन सिंह निवासी अमेठी उप्र का नाम है। इसके उपरांत आरोपी के द्वारा उक्त भूमि पर कोई यूनिट स्थापित नही की गई एवं बैंक में सूचना दी गई कि उसने बिलथारी के स्थान पर कटनी में जुहला बायपास के पास एक किराए के भवन में यूनिट लगाई है। बैंक के जबलपुर मंडल कार्यालय के अधिकारियों के द्वारा कटनी जाकर उक्त युनिट का निरीक्षण किया गया था। इसमें पाया गया था कि उक्त युनिट में स्थापित होने वाले 6 सेक्शन में से मात्र 2 सेक्शन की मशीन ही लगी थी जो बंद पाई गई थी। हेटल डेयरी मशीनरीज कानपुर के खाता एवं शुद्धि मिल्क प्रोडक्ट के एक्सिस बैंक गाडरवारा के खाता की जांच पर पाया गया कि 28 जुलाई 23 को हेटल डेयरी मशीनरीज कानपुर के खाता में ऋण की राशि 68,60,000 रूपए ट्रांसफर से जमा की गई थी तथा विभिन्न दिनांकों में कुल 61,50,000 रूपए की राशि हेटल डेयरी मशीनरीज कानपुर के इस खाते से वापिस शुद्धि मिल्क प्रोडक्ट के एक्सिस बैंक गाडरवारा के खाता में ट्रांसफर की गई है।

## एटीवीएम से रेल टिकट निकालना हुआ और भी आसान

**जबलपुर, नवभारत।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जबलपुर मंडल द्वारा ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से टिकट निकालने की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं सहज बनाया गया है। अब यात्री बिना किसी स्मार्ट कार्ड के, केवल मोबाइल भुगतान के माध्यम से स्वयं अपना टिकट निकाल सकते हैं रेलवे प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल माध्यम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना, टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करना तथा समय की बचत सुनिश्चित करना है। एटीवीएम मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट अब कुछ ही मिनटों में आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। एटीवीएम से टिकट निकालने की सरल प्रक्रिया यात्री निम्नलिखित आसान चरणों का पालन कर एटीवीएम से टिकट प्राप्त कर सकते हैं रेलवे प्रशासन स्पष्ट करता है कि यदि एटीवीएम मशीन पर कोई फैसिलिटेटर/कर्मचारी तैनात हो, तब भी यात्री बिना उनकी सहायता के स्वयं अपना टिकट निकाल सकते हैं। यात्रियों को स्वावलंबी बनाना तथा डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देना रेलवे की प्राथमिकता है।

## फर्जी दस्तावेजों से लोन दिलाने वाले सहयोगी आरोपियों को दस-दस साल की सजा

**▸ अदालत ने दोनों आरोपियों पर दस-दस हजार का जुर्माना भी लगाया**

**जबलपुर।** कूट रचित दस्तावेज तैयार कर किसी और की जमीन को अपना बताकर एक दंपत्ति को लोन दिलाने में सहयोग करने वाले आरोपियों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रीति शिखा अग्निहोत्री की अदालत ने राजकुमार यादव व विजय कुमार यादव दस-दस साल के सश्रम कारावास व दस-दस हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।अदालत के समक्ष अतिरिक्त लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। अदालत को बताया गया कि रिछाई निवासी 32 वर्षीय गौरव प्रसाद तिवारी ने अधारताल थाने में शिकायत दर्ज करायी। जिसमें बताया था कि उसके दादाजी गौरीशंकर तिवारी के नाम पर दर्ज जमीन मौजा बघेली रकवा 2.760 हैक्यिर भूमि है। उसके दादा की मृत्यु 27 मई 2013 में हो चुकी है। दादाजी के स्वर्गवास के बाद जमीन पर बुआई उसके पिता एवं चाचा नारायण प्रसाद करते है। जुलाई महीने मे फौती चढवाने एवं खसरे की नकल लेने तहसील पनागर गया था जहॉ पता चला उसके दादा जी के नाम पर दर्ज जमीन पर आईसीआईसी बैंक अधारताल द्वारा 4 लाख 8100 रूपये का दिसंबर 2016 को किसान क्रैडिट कार्ड बनाकर लोन स्वीकृत किया गया है। जब पतासाजी की गई तो ज्ञात हुआ कि केसीसी लोन लेने वाले गौरी शंकर यादव और उनकी पत्नि रेखा यादव निवासी सुमन नगर रिछाई एंव जमानतदार राजकुमार यादव निवासी अधारताल, विजय मिश्रा निवासी रिछाई के नाम के हस्ताक्षरित दस्तावेज थे। जमानतदार के रूप में राजकुमार यादव निवासी सुभाष नगर महाराजपुर एवं विजय कुमार मिश्रा रिछाई द्वारा मिली भगत कर रकम निकालने में सहयोग किये गया है। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने आरोपी राजकुमार यादव उम्र 62 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सुभाष नगर महाराजपुर व विजय कुमार यादवए उम्र 55 वर्ष निवासी कांचघर स्टेशन रोड खेरमाई मंदिर के पास थाना घमापुर को उक्त सजा सुनाई।




















नवभारत
आवश्यकता है
पद की योग्यता
देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।
एकाउंटेंट
(2 वर्ष का अनुभव एवं बी.कॉम. व टेली )
डीटीपी ऑपरेटर
(5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)
मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
(3 वर्ष का अनुभव एवं बी.कॉम/ बीबीए)
सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव
(2 वर्ष का अनुभव एवं बीए/बी.कॉम)
नोट- स्वयं का वाहन और कम्प्यूटर में दक्षता अनिवार्य।
ऑफिस बाय
(5 वर्ष का अनुभव एवं 10 वीं पास )
संपर्क करें
कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )
9752721239, 8305852507, 9109700824
hr.navabharat1934@gmail.com


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57